an>

Title: Need to provide stoppage of trains at Naila-Janjgir station in Janjgir in Chhattisgarh.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र का जिला मुख्यालय रेलवे स्टेशन के नाम से जाना जाता है, जो पहले नैला स्टेशन के नाम से जाना जाता था। रेलवे ने उस स्टेशन का नाम जांजगीर नैला दिया है। लेकिन वहाँ पर एक भी लंबी दूरी की ट्रेन का स्टॉपेज नहीं दिया गया है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूँ कि वहाँ से आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को अन्यत्र जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इससे यात्रियों का श्रम, समय और धन खर्च होता है तथा काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इस रूट से चलने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस को बिलासपुर तक पैसेंजर ट्रेन के रूप में चलाया जाए। हमारे जिला मुख्यालय जांजगीर के मुख्य रेलवे स्टेशन जांजगीर नैला पर लंबी दूरी की समस्त ट्रेनों का स्टॉपेज दिये जाने की मेरी मांग है। अभी सांत्वना के रूप में इस स्टेशन पर साउथ बिहार एक्सप्रेस का स्टॉपेज दिये जाने की मांग करती हूँ।